
50 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in




**आज की अमृतवाणी**

बदलते लोग, बदलते रिश्ते और बदलता मौसम चाहे दिखाई ना दे, पर महसूस जरूर होते हैं !

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 94127-10840, 9368549219 | संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:58, सूर्यास्त : 5:20 | वर्ष : 50/ अंक : 333 | रविवार, 04 दिसम्बर 2022 | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, द्वादशी, सम्वत् 2079 | मूल्य 3 रु.



**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

वोट के लिए इस बार घर-घर घूमे अखिलेश और जयंत।



मतलब भाजपा के फेर में खानी पड़ रही हैं दर-दर की ठोकरें, ये है लोकतंत्र।

# थम गया शोर, अब खामोशी से जोरा-जोरी का अंतिम दौर

## ▶ आज रवाना हो जाएंगी पोलिंग पार्टियां, मोर्चाबंदी तैयार ▶ भाजपा और रालोद की जंग में दो दिन में आर या पार

**मुजफ्फरनगर, 3 दिसंबर (बु.)।** दो सप्ताह तक नेताओं के चुनावी दौरों, सभाओं और ताबड़तोड़ जनसंपर्क अभियान के बाद खतौली विधानसभा क्षेत्र में आज शाम चुनाव प्रचार का शोर थम गया। इसके साथ ही तमाम प्रत्याशी अब बूथ मैनेजमेंट और अंतिम दौर में रुठे मतदाताओं को मनाने के गुपचुप अभियान में जुट गए हैं। इस बीच बड़े पैमाने पर बाहरी तत्वों का जमावड़ा इस चुनाव में लगा है। अभी तक प्रचार शांतिपूर्ण रहा, लेकिन अब मतदान संपन्न होने तक प्रशासन को कड़ी परीक्षा के दौर से गुजरना पड़ेगा। मतदान व्यवस्था के लिए पोलिंग पार्टियां कल नवीन मंडी स्थल से रवाना होंगी। इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

विक्रम सैनी के अयोग्य घोषित होने के बाद खतौली विधानसभा उपचुनाव में इस सीट को कब्जाने के लिए भाजपा और रालोद प्रत्याशियों की जंग के बीच दो सप्ताह से प्रचार अभियान के बाद आज शोर थमने के साथ वोटिंग की आखरी जंग की तैयारी तेज हो गई। जिले की अकेली सीट के इस चुनाव में प्रचार अभियान काफी धुंआधार और रोमांचक रहा। इस दौरान भाजपा की ओर से जहां सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, मंत्री गण मुख्तार अब्बास नकवी, सोमेंद्र तोमर, कुंवर ब्रजेश सिंह व जसवंत सैनी, सांसद डॉ. सत्यपाल सिंह, एमएलसी वीरेंद्र सिंह व वंदना वर्मा, विधायक अनिल शर्मा, राजीव गुम्बर, नंद किशोरी गुर्जर, डॉ. मंजू सिवाच, महेन्द्र सिंह खडगवंशी, मुकेश चौधरी, देवेन्द्र निम, पूर्व सांसद सोहनवीर सिंह, पूर्व मंत्री डॉ. यशवंत सिंह, पूर्व विधायक मिथलेश पाल, प्रशांत चौधरी, विक्रम सैनी, अशोक कंसल, संगीत सोम, प्रमोद उटवाल, उमेश मलिक, क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा मोहित बेनीवाल, प्रदेश मंत्री चन्द्रमोहन, जिला प्रभारी सतेन्द्र सिसौदिया, जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, चौ. यशवीर सिंह, अभिषेक चौधरी, डॉ. पुररुषोत्तम सहित अन्य प्रमुख नेता और कार्यकर्ताओं की पूरी फौज जुटी रही। इसके अलावा जिले के दोनों मंत्री केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ.संजीव बालियान व प्रदेश के



खतौली उपचुनाव के लिए चुनाव ड्यूटी हेतु प्रशासन द्वारा अधिगृहीत किये गए वाहन।

राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिलदेव अग्रवाल को खासतौर से इस सीट की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इसके चलते वे पूरे समय वहां मौजूद रहकर प्रचार में जुटे रहे। दूसरी ओर रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने इस सीट को अपनी प्रतिष्ठा के साथ जोड़कर खुद को घर-घर जनसंपर्क अभियान में लगाए रखा। इसके साथ ही उन्हें इस बार सपा और आसपा का सहयोग तो मिला, लेकिन तमाम स्थितियों के बावजूद सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव या किसी बड़े चेहरे का ना आना चर्चा का विषय रहा। रालोद के तमाम नेता पूरी ताकत के साथ इस चुनाव में जुटे। आसपा के चंद्रशेखर और सपा के कमाल अख्तर के साथ रालोद प्रत्याशी मदन भैया ने बड़ी जनसभा की तो उसके समर्थन में रालोद संगठन के तमाम नेताओं के अलावा सपा के नेता भी जुटे रहे। चुनाव प्रचार के दौरान ऐसा लगा कि जयंत इस चुनाव को हल्के करके लेने को तैयार नहीं हैं। ऐसे में रालोद ने प्रचार के दौरान निचले स्तर तक पहुंचने के साथ जातीय जोड़तोड़ को साधने के लिए भी हर फंडा अपनाया। हालांकि कई बार ऐसा लगा कि सपा के नेता बहुत उत्साहित नजर नहीं आए। बहरहाल अब चुनाव में प्रचार का शोर थमने के साथ दोनों पक्षों के लिए मतदाताओं को लुभाने के लिए अंतिम दौर के दांवपेंच बचे हैं। ऐसे में अब बूथ प्रबंधन के अलावा मतदान के दिन अपने समर्थक मतदाताओं को पोलिंग बूथ तक पहुंचाना उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती होगा। चुनाव प्रचार के दौरान यह आरोप लगते रहे हैं कि भाजपा चुनाव में प्रशासनिक मशीनरी का दुरुपयोग कर सकती है। हालांकि रालोद की ओर से भी इसे देखते हुए गांव-गांव पूरी मोर्चा बंदी कर ली गई है। ऐसे में भाजपा के लिए जहां ये चुनाव अपने अस्तित्व की रक्षा का चुनाव है, वहीं रालोद के लिए भी उसके भविष्य की रक्षा सुरक्षा का चुनाव है, क्योंकि इस सीट की जीत हार से तय होगा कि अगले लोकसभा चुनाव में चुनावी गणित क्या होगा और क्या जयंत या उनकी पत्नी चारू चौधरी इस सीट पर लोकसभा चुनाव में किस्मत आजमाएंगे।

# फाइबर केबिल में फंसकर व्यवसायी की गर्दन कटने से बाल-बाल बची जान

## ▶ लटके केबिल की चपेट में आकर गर्दन हुई लहूलुहान, गनीमत रही कि टूट गया केबिल ▶ गांधी कॉलोनी की गली नंबर 13 में शुक्रवार देर रात हुई बड़ी अनहोनी

**मुजफ्फरनगर, 3 दिसंबर (बु.)।** गांधी कॉलोनी की गली नंबर 13 में लटके फाइबर केबिल में फंसकर बुलट मोटर साईकिल सवार व्यवसायी की गर्दन लहूलुहान हो गई। गनीमत यह रही कि केबिल बीच में टूट गया, अन्यथा बड़ी अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता था। पीड़ित को गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाया गया। इस मामले में जियो कंपनी के खिलाफ नई मंडी थाने में तहरीर दी गई है। इलाके के लोगों का कहना है कि रात के अंधेरे में कई लोग लटके केबिल का शिकार होने से बच गए।



नई मंडी कोतवाली इलाके के शिवनगर निवासी इंद्रजीत सिंह आहूजा का बिजली डेकोरेशन का कारोबार है। आहूजा शुक्रवार देर रात सवा बजे के करीब एक शादी समारोह से बुलट मोटर साईकिल पर सवार होकर अपने घर लौट रहे थे। व्यवसायी आहूजा जब गांधी कॉलोनी की गली नंबर 13 में डॉ. अनुज पटपटिया के सामने पहुंचे, तो सड़क के बीचोबीच लटके फाइबर केबिल की चपेट में आ गए। अंधेरा होने के कारण आहूजा को लटका केबिल नहीं दिख पाया। नतीजा यह हुआ कि लटका हुआ तार उनकी गर्दन में फंस गया। मोटर साइकिल स्पीड पर होने के कारण केबिल से उनकी गर्दन लहूलुहान हो गई। गनीमत यह रही कि खिंचाव के कारण फाइबर का केबिल बीच में टूट गया। अन्यथा बड़ी अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता था। अप्रत्याशित घटना से एक बार व्यवसायी इंद्रजीत सिंह आहूजा की चीख भी निकल गई। आवाज सुनकर आसपास के लोग आ गए। उस समय लगा कि किसी केबिल संचालक का यह तार लटका हुआ है। रात में केबिल संचालक को मौके पर बुलाया गया, तब जाकर पता चला कि यह केबिल जियो कंपनी का है। केबिल में फंसने के कारण व्यवसायी की गर्दन बुरी तरह लहूलुहान हो गई। परिजन रात में ही उन्हें लेकर जिला अस्पताल गए, जहां पर उन्हें उपचार दिया गया। पीड़ित आहूजा ने इस मामले में नई मंडी में तहरीर देकर बताया कि केबिल में फंसने के कारण उनके गले में गंभीर चोट आई है। जियो वाई-फाई कंपनी की गलती और घोर लापरवाही के कारण यह घटना घटी। परमात्मा का शुक्र रहा अन्यथा इससे बड़ी घटना हो सकती थी। पुलिस ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए संबंधित के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि रात में ही कई अन्य लोग लटके केबिल का शिकार होने से बच गए।

## ये क्या बोले आजम खां कि दर्ज हो गया मुकदमा



**रामपुर, 3 दिसम्बर (वार्ता)।** भड़काऊ भाषण मामले में तीन साल की सजा पाए सपा नेता आजम खां के खिलाफ रामपुर में ही विवादित बयान देने का एक और मुकदमा दर्ज किया गया है। इसमें आजम खां पर भड़काऊ भाषण के साथ ही महिलाओं को अपमानित करने का भी आरोप है। रामपुर के मुहल्ला अखून खेलान की एक महिला ने गंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिसमें कहा है कि आजम खां ने जनसभा के दौरान कहा कि जैसा हमारे और तुम्हारे साथ हुआ है, अगर चार सरकारों में मंत्री रहते हमने ऐसा किया होता तो बच्चों तुम्हारी मुस्कुराहट की कसम खाकर कहता हूं कि बच्चा पैदा होने से पहले मां से पूछता कि पूछ लो आजम खां से बाहर निकलना भी है या नहीं। रिपोर्ट में कहा कि आजम खां पहले भी महिलाओं के बारे में अमर्यादित बातें करते रहे हैं।

## तमंचे के साथ वीडियो बनाने वाली युवती गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 3 दिसंबर (बु.)।** तमंचे के साथ वीडियो बनाकर वायरल करना एक युवती को भारी पड़ गया। किसी ने युवती का वायरल वीडियो व फोटो पुलिस अधिकारियों को भेज दिये, जिसका संज्ञान लेते हुए पुलिस अधिकारियों ने नई मंडी थाना पुलिस को कार्यवाही के निर्देश दिये। पुलिस ने वीडियो के आधार पर आरोपी युवती को तमंचे समेत गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सोशल मीडिया पर एक युवती का वीडियो फोटो वायरल हो रहे थे, जिसमें युवती ने हाथ में तमंचा लेकर वीडियो बनवाई थी। एक वीडियो व फोटो में उसने अपनी कनपटी पर तमंचा ताना हुआ था। किसी ने यह वीडियो पुलिस अफसरों को भेज दिया। पुलिस अफसरों ने नई मंडी थाना पुलिस को कार्यवाही के निर्देश दिये, जिस पर हरकत में आई पुलिस ने युवती का पता लगाया और उसे तमंचे समेत गिरफ्तार कर लिया। युवती नई मंडी थाना क्षेत्र के मेघाखेडी की रहने वाली है।

## कांग्रेस नेता की हार्ट अटैक से मौत

**भोपाल।** कांग्रेस की 'भारत जोड़ो यात्रा' से एक बुरी खबर सामने आई है। यात्रा में शामिल एक और कांग्रेस नेता की हार्ट अटैक से मौत हो गई। मृतक का नाम मांगीलाल शाह बताया जा रहा है। मृतक मंगीलाल शाह मध्यप्रदेश के जीरापुर के रहने वाले थे। मंगीलाल के निधन पर राहुल गांधी ने भी शोक जताया है। बता दें कि भारत जोड़ो यात्रा आज यानी 3 दिसंबर को मध्यप्रदेश के आगर मालवा जिले में रही। यात्रा में जुड़ने के लिए जीरापुर निवासी कांग्रेस नेता मंगीलाल शाह अपने वाहन से आगर मालवा पहुंचे थे। यहां उन्हें हार्ट अटैक आ गया। दिल का दौरा पड़ने से उनको आनन-फानन में सुसनेर के जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## श्रद्धा हत्याकांड : पूनावाला ने की जेल में इन सुविधाओं की मांग

**नई दिल्ली, 3 दिसंबर (वार्ता)।** श्रद्धा वालकर हत्याकांड के आरोपी आफताब पूनावाला के तिहाड़ जेल में कई रूप देखने को मिल रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक शुक्रवार को एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैबोरेटरी) की टीम तिहाड़ जेल पहुंची थी। इस दौरान आफताब शतरंज खेल रहा था। वह जेल में अकेले शतरंज खेलकर समय बिता रहा है। आफताब पर हर वक्त कड़ी नजर रखी जा रही है। वहीं, अब तिहाड़ जेल के सूत्रों के मुताबिक अब आरोपी आफताब ने जेल प्रशासन से नॉवेल व साहित्य की किताबें मुहैया कराने की मांग की है। अब जेल प्रशासन फैसला करेगा कि उसे किताबें उपलब्ध कराई जाएंगी या नहीं।

# मुस्लिमों के बीच पहुंचे मुख्तार अब्बास नकवी

### बोलेः अल्पसंख्यकों के लिए भाजपा ने बहुत कुछ किया

**मुजफ्फरनगर, 3 दिसंबर (बु.)।** भाजपा भी मुस्लिम मतदाताओं को रिझाने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रख रही है। पूर्व मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी मुस्लिम समाज के लोगों के बीच कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय के लिए भी भाजपा सरकार ने काफी योजना चलाई हैं। इस दौरान उन्होंने चुनाव पर चर्चा की और सरकार की योजनाओं को गिनाया। सराय रसूलपुर में भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने शनिवार को अल्पसंख्यक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार बिना किसी भेदभाव के साथ सर्व समाज के हितों के लिए कार्य कर रही है' केंद्र व प्रदेश की सरकारे योजनाएं बनाते समय यह नहीं देखते कि किस क्षेत्र के व्यक्ति ने वोट दिया है किस क्षेत्र के व्यक्ति ने नहीं दिया है, किस धर्म के व्यक्ति ने वोट दिया है किसने नहीं दिया है।' अल्पसंख्यक समुदाय के लिए भी भाजपा सरकार ने काफी योजना चलाई हैं।' भाजपा सरकार अल्पसंख्यक समुदाय के विकास के लिए गंभीरता से योजना बनाकर कार्य कर रही है' अल्पसंख्यक समुदाय का हित भाजपा में सुरक्षित है उन्होंने भाजपा प्रत्याशी राजकुमारी सैनी को बड़े अंतर से विजय दिलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि खतौली विधानसभा में मुस्लिम समाज के सबसे अधिक वोट हैं। इससे पहले गत दिवस केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान और कौशल विकास राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल मुस्लिमों के बीच पहुंचे। आज पूर्व मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी खतौली के सराय रसूलपुर, चित्तौड़ा और काटका गांव में जनसंपर्क कर मुस्लिमों से वोट मांगने पहुंचे।



## चिकित्सक ने की महिला मरीज के साथ छेड़खानी

**मुजफ्फरनगर, 3 दिसंबर (बु.)।** इलाज के लिये चिकित्सक के पास आई महिला के साथ चिकित्सक ने अश्लील हरकतें की। महिला के शोर मचाने पर उसे धमकी दी गई। पीड़िता ने मामले की शिकायत एसएसपी से की। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपी चिकित्सक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि एसएसपी को दिये प्रार्थना पत्र में एक महिला ने बताया कि वह काफी समय से बीमार चल रही थी। उसके भाई ने नई मंडी में प्रैक्टिस कर रहे एक चिकित्सक का पता बताते हुए उसे वहां इलाज कराने की सलाह दी, जिस पर वह उक्त चिकित्सक के यहां अपने इलाज के लिये गई। आरोप है कि चिकित्सक ने अपने केबिन में चैकअप करने के बहाने उसके साथ अश्लील हरकतें की। शोर मचाने पर चिकित्सक ने उसे धमकी दी। पीड़िता की शिकायत पर एसएसपी ने कार्यवाही के निर्देश दिये। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी चिकित्सक की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिये।

# रालोद समर्थकों ने किया एसडीएम खतौली का घेराव

- ▶ भूपेंद्र चौधरी व संजीव बालियान पर लगाया आचार संहिता उल्लंघन का आरोप
- ▶ निर्वाचन आयोग को भी पत्र भेज कर लगाया चुनाव में गड़बड़ी की साजिश का आरोप



**मुजफ्फरनगर, 3 दिसंबर (बु.)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान पर आचार संहिता उल्लंघन का आरोप लगाते हुए खतौली में गठबंधन के नेताओं ने एसडीएम का घेराव करते हुए कार्रवाई की मांग की। उन्होंने निर्वाचन आयोग को भी इस बाबत एक पत्र भेजते हुए प्रशासन पर चुनाव में भाजपा के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया। प्रदर्शन के दौरान प्रत्याशी मदन भैया ने कहा कि पुलिस-प्रशासन ने भाजपा नेताओं को खुली छूट दी है, जबकि गठबंधन के लोगों पर चुनाव से दूर रहने का दबाव बनाया जा रहा है। शनिवार देर शाम जानसठ तिराहे पर रालोद जिलाध्यक्ष संदीप मलिक, पूर्व मंत्री कुलदीप उज्जवल, प्रत्याशी एवं पूर्व विधायक मदन भैया समेत अन्य नेताओं ने एसडीएम की गाड़ी रुकवाकर घेराव किया। मलिक और उज्जवल ने बताया कि प्रचार की समय सीमा खत्म हो जाने के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए प्रचार कर रहे हैं। देर रात तक भाजपा नेता प्रचार करते रहे, लेकिन पुलिस-प्रशासन ने इन्हें नहीं रोका। एसडीएम जीत सिंह राय ने गठबंधन के नेताओं को समझाने का प्रयास किया, लेकिन काफी देर तक हंगामा चलता रहा। इस दौरान जानसठ तिराहे पर कार्यकर्ताओं की भीड़ जमा हो गई। प्रत्याशी मदन भैया ने चुनाव आयोग के नाम लिखा शिकायती पत्र एसडीएम को सौंपा। गठबंधन के नेताओं का कहना था कि वोटरों को डराया जा रहा है। सैकडों लोगों के नाम मतदाता सूची से गायब कर दिए गए हैं। पुलिस-प्रशासन का रवैया निष्पक्ष चुनाव पर सवाल उठा रहा है।

## क्यों टली अध्यक्षों के आरक्षण की घोषणा

**मुजफ्फरनगर, 3 दिसंबर (बु.)।** नगर निकाय अध्यक्ष चुनाव की आरक्षण सूची पर टकटकी लगाए बैठे दावेदारों और राजनीतिज्ञों को उस समय बड़ा झटका लगा जब इसे लेकर नगर विकास मंत्री की प्रेस कॉन्फ्रेंस स्थगित होने की सूचना मिली। गत दिवस वार्डों का आरक्षण जारी होने के बाद आज अध्यक्षों के आरक्षण के लिए सूचना जारी होने वाली थी। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नगर निकाय चुनाव के लिए अध्यक्षों के आरक्षण की आज जारी होने वाली सूची फिलहाल टल गई है, बताया जाता है कि कुछ सीटों पर आरक्षण को लेकर पेंच फंस गया है और कुछ जिलों में वार्ड को लेकर भी विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई है जिसके चलते आज मंत्री अरविंद शर्मा की प्रेस कॉन्फ्रेंस भी स्थगित कर दी गई है। प्रदेश में कल निकाय चुनाव के लिए वार्ड की आरक्षण सूची जारी कर दी गई थी, आज अध्यक्ष पद के आरक्षण की सूची जारी करने के लिए सूचना दी गई थी। बताया गया था कि प्रदेश के नगर विकास मंत्री अरविंद शर्मा अध्यक्ष पद की आरक्षण सूची जारी करेंगे लेकिन आज अचानक से प्रेस कॉन्फ्रेंस स्थगित कर दी गई है, कारण अपरिहार्य बताया गया है। बताया जाता है कि कुछ जिलों में आरक्षण को लेकर पेंच फंस गया है, जिसके कारण फिलहाल यह घोषणा टल गयी है ,बताया जाता है कि नगर विकास मंत्री ऊर्जा मंत्री भी है और वे अभी मध्यांचल बिजली बोर्ड के कर्मचारियों के मामले में बिजी है, वहां से फ्री होकर ही नगर निकाय की सूचना जारी करेंगे। अब ये सूची कब जारी की जाएगी इसकी सूचना नहीं दी गई है। लेकिन ये बताया गया कि प्रेस कॉन्फ्रेंस आज नहीं होगी। ऐसे में अब इस आरक्षण की घोषणा का इंतजार कर रहे लोगों को कुछ और समय प्रतीक्षा करनी पड़ेगी।

# यूपी में बिजली कर्मियों की हड़ताल खत्म

### हाईकोर्ट में छह दिसंबर को होगी अगली सुनवाई

**प्रयागराज, 3 दिसंबर (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश में चार दिन से चल रही बिजली कर्मियों की हड़ताल पांचवे दिन खत्म हो गई, जिसके बाद प्रदेश में बिजली आपूर्ति फिर से बहाल कर दी गई है। बिजली कर्मचारियों के संगठन के पदाधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों से बातचीत के बात हड़ताल की समाप्ति पर सहमति जताई गई है। इस बात की जानकारी अपर मुख्य सचिव ने इलाहाबाद हाईकोर्ट को दी है। उन्होंने यह भी बताया कि हड़ताल की समाप्ति के साथ ही बिजली आपूर्ति सुचारू कर दी गई है। दरअसल, प्रयागराज के कालिंदीपुरम व आसपास बिजली पानी आपूर्ति तीन दिन से ठप होने की शिकायत पर कायम जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान सुबह अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल ने बताया था कि प्रयागराज में विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गई है। इस पर वकीलों ने बताया कि न केवल प्रयागराज वरन पूरे प्रदेश में हड़ताल से बिजली आपूर्ति बाधित है। इस पर अपर महाधिवक्ता ने अपर मुख्य सचिव पावर व कर्मचारियों के बीच हुआ पत्राचार पेश किया। खंडपीठ ने कहा एक महीने पहले 29 नवंबर से हड़ताल की चेतावनी दी गई थी। शासन के पास हल निकालने के लिए एक महीने का समय था। हड़ताली कर्मचारियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई? इसका कोई उल्लेख नहीं किया गया है, जब कोर्ट ने संज्ञान लिया तो प्रयागराज में विद्युत आपूर्ति बहाल हुई। यह नहीं पता हड़ताल वापस हुई अथवा नहीं। इसके बाद कोर्ट ने अपर मुख्य सचिव (ऊर्जा) को तीन बजे तक स्थिति स्पष्ट करने का निर्देश दिया। इस पर उन्होंने हाजिर होकर कोर्ट को हड़ताल वापस होने की जानकारी दी। वकीलों की शिकायत पर शुक्रवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश राजेश बिंदल तथा न्यायमूर्ति जे जे मुनीर की खंडपीठ ने जनहित याचिका कायम कर पूछा था कि हड़ताली कर्मचारियों के खिलाफ एस्मा एक्ट के तहत कार्यवाही क्यों नहीं की जा रही? बिजली सप्लाई तुरंत बहाल करने का निर्देश दिया था। कोर्ट को बताया गया कि ऊर्जा मंत्री ने आज हड़ताली कर्मचारियों के संगठन से बातचीत की। बिजली विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों से बातचीत सकारात्मक रही। इसमें बिजली कर्मचारियों ने अपनी हड़ताल खत्म करने की घोषणा की। मामले में अगली सुनवाई मंगलवार छह दिसंबर को होगी।



S.D. GROUP OF COLLEGES
(Under the Aegis of THE SANATAN DHARM COLLEGE ASSOCIATION)
[Affiliated to Dr. APJ Abdul Kalam Tech. Univ, Lucknow (Formerly UPTU) & CCS University, Meerut, Maa Shakumbhari University, Saharanpur & Approved by AICTE, PCI, BCI, MHRD, New Delhi ]
REGISTER NOW! for 2022-23
@ www.sdgroupofcolleges.edu.in
HURRY UP!
-: Few Seats are Vacant for :-
Direct Admission in AKTU Courses..
S.D. COLLEGE OF MANAGEMENT STUDIES
MBA | AKTU CODE: 085 | MCA
SPECIALIZATION: FINANCE , HUMAN RESOURCE, MARKETING , IT, IB , OPERATION — 8937095004/12
SPECIALIZATION: . NET , PYTHON , MONGO DB MACHINE LEARNING — 8937095014/ 26
S.D. COLLEGE OF PHARMACY & VOCATIONAL STUDIES
M.PHARM — AKTU CODE: 136
SPECIALIZATION: * PHARMACEUTICAL CHEMISTRY * PHARMACOGNOSY
8937095011/27
आपके अपने शहर मुजफ्फरनगर का पहला रेडियो स्टेशन
RADIO SD 90.8 FM
Campus: Bhopa Road, Muzaffarnagar
Mob.- 8937095012

# पुलिसकर्मी अनुशासित आचरण करें, बूथ के अंदर न जाने दें मोबाइल

**▶ खतौली उपचुनाव के मद्देनजर एसएसपी विनीत जायसवाल ने पुलिसकर्मियों को दिए टिप्स ▶ खतौली के 369 बूथों पर पांच दिसंबर को होना है मतदान**

**मुजफ्फरनगर, 3 दिसंबर (बु.)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने पांच दिसंबर को खतौली में होने वाले विधानसभा उपचुनाव में ड्यूटी पर जाने वाले पुलिसकर्मियों को आचार संहिता का पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी अनुशासित आचरण करते हुए सत्ता और विपक्ष की किसी भी सुविधा को प्राप्त करने से परहेज करें। पोलिंग बूथ के अंदर मोबाइल पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। जो कोई भी शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास करेगा, उसके साथ सख्ती से निपटा जाए।

पुलिस लाइन में एसएसपी ने अन्य अधिकारियों के साथ रविवार को खतौली उपचुनाव में पोलिंग पार्टियों के साथ जाने वाले पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के टिप्स दिए। ब्रीफिंग के दौरान अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) नरेन्द्र बहादुर सिंह, पुलिस अधीक्षक नगर अर्पित विजयवर्गीय, पुलिस अधीक्षक देहात अतुल कुमार श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक अपराध प्रशान्त कुमार प्रसाद, सहायक पुलिस अधीक्षक आयुष विक्रम सिंह, कम्पनी कमान्डेन्ट आईटीबीपी सहित ड्यूटी में लगे समस्त पुलिस बल व सीएपीएफ के अधिकारी मौजूद रहे। ब्रीफिंग के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी अधिकारियों को चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। साथ ही बताया कि मतदान स्थल/पोलिंग बूथ पर सतर्कता बरतते हुए कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें ताकि मतदान को निष्पक्षता एवं शान्तिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराया जा सके। उन्होंने कहा कि मतदान ड्यूटी एक अतिमहत्वपूर्ण ड्यूटी है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये तथा सभी पुलिस बल को गरिमा बनाये रखते हुए पूर्ण सतर्कता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना है। एसएसपी ने निर्देश दिये कि क्षेत्राधिकारी और थानाध्यक्ष अपने क्षेत्रों में संवेदनशील स्थानों पर पिकेट व गश्त की व्यवस्था सुनिश्चित कर किसी भी प्रकार का जुलूस आदि नहीं निकालने तथा शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु सक्रिय रहेंगे। खतौली विधानसभा उपचुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जनपद में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल, सीएपीएफ व पीएसी की ड्यूटी लगायी गई है। इसके अतिरिक्त संवेदनशील मतदान केन्द्रों एवं पोलिंग बूथों व उनके आसपास के क्षेत्र में ड्रोन कैमरे के माध्यम से सतत निगरानी हेतु कई टीमों को लगाया गया है। किसी भी आकस्मिक घटना से निपटने हेतु क्यूआरटी/रिजर्व टीम का गठन किया गया है जो समस्त दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ रहेगी। साथ ही जनपदीय मीडिया सेल को सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर गलत व भ्रामक खबर प्रसारित कर अफवाह फैलाने वाले लोगों पर सतर्क दृष्टि बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया। ब्रीफिंग के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों को उनकी ड्यूटी के बारे में विस्तार से बताया कि ड्यूटी के दौरान क्या करना चाहिए क्या नहीं करना चाहिए? ब्रीफिंग के दौरान उपस्थित अधिकारियों को समय से ड्यूटी पर पहुंचने और मतदान के दौरान पूरी गम्भीरता से अपनी ड्यूटी करने, अधिकारियों के नम्बर अपने पास रखने तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल सूचित करने पर बल दिया गया। समस्त कर्मियों को ड्यूटी के दौरान अनुशासन, संयम व अच्छा आचरण रखने, अपना पहचान पत्र एवं ड्यूटी कार्ड साथ रखने व साफ-सुथरी वर्दी पहनने तथा किसी भी राजनैतिक दल या प्रत्याशी पर किसी भी प्रकार की टिप्पणी न करने हेतु कड़े निर्देश दिये गये।

एसएसपी विनीत जायसवाल द्वारा उपस्थित कर्मियों को निर्देशित किया गया कि मतदान केन्द्र के अंदर कोई भी व्यक्ति मोबाइल फोन नहीं ले जाएगा तथा मतदान केन्द्र के आसपास भीड़ एकत्रित न होने दी जायेगी। एसएसपी ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी भी प्रकार का विघ्न डालने का प्रयास किया जाता है तो ऐसे अराजक तत्वों पर पूरी सख्ती से कानूनी कार्यवाही की जाए। यदि किसी प्रत्याशी या मतदाता द्वारा चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों का उल्लंघन किया जाता है तो उसके विरुद्ध तत्काल कठोरतम कार्यवाही अमल में लाई जाये।

मतदान केन्द्र सुरक्षा की ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि पीठासीन अधिकारी का पूर्ण सहयोग करें तथा शांति व्यवस्था बनाये रखें एवं शान्ति व्यवस्था हेतु पीठासीन अधिकारी के बुलाने पर ही मतदान केन्द्र के अन्दर प्रवेश करें। मतदान केन्द्र के अन्दर मोबाइल एवं किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु किसी भी दशा में न जाने दें, सभी को सेक्टर, विशेष परिस्थितियों से निपटने हेतु लगाये जाने वाले मोबाइल पार्टी, क्यूआरटी आदि को क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहकर सतर्क दृष्टि बनाये रखने के निर्देश दिये। इसके साथ ही चुनाव के दौरान पूर्ण मनोयोग व पूरी गम्भीरता, निष्पक्षता और तटस्थता से अपनी ड्यूटी के निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया गया। मीटिंग के दौरान एसएसपी विनीत जायसवाल ने उपस्थित समस्त पुलिस बल व सीएपीएफ को निर्देशित किया गया कि सभी पुलिस कर्मी मतदान के उपरान्त अपनी पोलिंग पार्टी के साथ ही पोलिंग पार्टी वाहन द्वारा सुरक्षित ईवीएम को स्ट्रॉग रूम में जमा कराने के बाद ही निर्वाचन ड्यूटी से मुक्त होंगे।



खतौली उपचुनाव को लेकर पुलिसबल व सुरक्षा कर्मियों को दिशा निर्देश देते एसएसपी

## अज्ञात वाहन की टक्कर से 8 वर्षीय बच्ची घायल

**रामराज, 3 दिसम्बर (बु.)।** गांव पुट्ठी इब्राहिमपुर में बारात में आई एक 8 वर्षीय बच्ची को सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बच्ची घायल हो गयी, जिसे परिजनों ने रामराज के एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया, जहां से उसे मवाना के लिए रैफर कर दिया गया। रामराज थानाक्षेत्र के गांव पुट्ठी इब्राहिमपुर में शुक्रवार की रात को नेत्रपाल शर्मा की पुत्री की शादी थी। बारात बाबूगढ़ से आई हुई थी। बारात में बाबूगढ़ निवासी देवदत्त की 8 वर्षीय पुत्री प्रिया भी आई हुई थी। देर रात लगभग 12 बजे के करीब चढ़त के दौरान प्रिया सड़क पार कर रही थी, उसी समय रामराज की ओर से आई एक अज्ञात कार ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से प्रिया घायल हो गयी तथा कार चालक कार को लेकर मौके से फरार हो गया। घायल प्रिया को परिजन रामराज के एक निजी चिकित्सक के यहां लेकर पहुँचे, जहां से हालात गंभीर होने के चलते प्रिया को मवाना के लिए रैफर कर दिया गया।

## कूटरचित अभिलेखों से नौकरी पाए 13 अध्यापक बर्खास्त

**कन्नौज, 3 दिसंबर (वार्ता)।** कन्नौज जिले में 69 हजार सहायक अध्यापक भर्ती के तहत बेसिक शिक्षा विभाग में कूटरचित अभिलेखों से नौकरी पाए 13 शिक्षकों को बर्खास्त कर दिया गया है। सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के आदेश संबंधित बीईओ को दिए गए हैं। बर्खास्त होने वालों में 10 फिरोजाबाद के निवासी हैं। आगरा, औरैया व मथुरा के तीन लोग हैं। बीएसए कौस्तुभ सिंह ने बताया कि कन्नौज में 1500 सहायक अध्यापक पदों के सापेक्ष करीब 1450 शिक्षक-शिक्षिकाओं की भर्ती हुई थी। शिक्षकों के अभिलेखों के सत्यापन में 22 ऐसे निकले थे, जिसमें फर्जी अभिलेखों के सहारे नौकरी पाने की पुष्टि सत्यापन में हुई। सभी 22 लोगों को पूर्व में कई बार नोटिस देकर पक्ष रखने के लिए बुलाया गया पर कोई नहीं आया। बीएसए ने बताया कि फर्जी सत्यापन कार्यालय में भिजवाकर शिक्षकों ने खुद को सही साबित करने का असफल प्रयास किया।

## जयंत का ट्वीट: लगाए भाजपा पर आरोप

**मुजफ्फरनगर, 3 दिसंबर (बु.)।** रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने देर शाम एक ट्वीट कर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह पर चुनाव प्रचार की समय सीमा बीतने के बाद भी चुनाव प्रचार करते हुए वीडियो शेयर कर प्रशासन की मंशा और निष्पक्ष चुनाव पर सवाल उठाए हैं। जयंत चौधरी ने भाजपा की एक सभा का वीडियो शेयर करते हुए किए ट्वीट में लिखा है- चुनाव आयोग के नियमों की धज्जियां उड़ाते भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री भूपेन्द्र सिंह 5 बजे के बाद खतौली में जँधेड़ी गाँव में प्रचार कर रहे हैं! चुनाव आयोग संज्ञान ले और प्रशासन कानूनी कार्रवाई करे! क्या ऐसे निष्पक्ष चुनाव होंगे?

## गुर्जरों के समर्थन की कसक में भाजपा बेचैन

**मुजफ्फरनगर, 3 दिसंबर (बु.)।** रालोद की ओर से गुर्जर प्रत्याशी के रूप में मदन भैया को मैदान में उतारे जाने के बाद भाजपा के लिए इसकी काट के लिए जितने औजार थे, उसने सभी को जमकर आजमाया। अपने तमाम गुर्जर जनप्रतिनिधियों को उसने प्रचार में झोंक दिया। इसके बाद अब इस बात को लेकर तमाम चर्चाएं हैं कि क्या गुर्जर मतदाता को इकतरफा वोट करने से रोकने में भाजपा कामयाब हो जाएगी। खतौली विधानसभा उपचुनाव में अभिषेक चौधरी के रालोद छोडक कर भाजपा में आने के बाद अनेक नेताओं रालोद का झटका देने का प्रयास किया। हालांकि रालोद इससे सत्ता से प्रभावित करने का मामला मानता है। पिछले विधानसभा चुनाव में गुर्जरों का इक तरफा समर्थन पाने वाली भाजपा के लिए इस बार इस वोट बैंक को बचाना उसी दिन चुनौती बन गया था, जब रालोद ने मदन भैया को मैदान में उतारा था। ऐसे में गुर्जर वोटों की जंग के बीच प्रचार के अंतिम दिन गांव बुआडा कलां में भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में गुर्जर समाज की एक पंचायत संपन्न हुई पंचायत की अध्यक्षता पूर्व मंत्री चौधरी विरेंद्र सिंह एवं संचालन रमेश भाटी ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में ऊर्जा राज्यमंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर ने कहा कि जेवर से लेकर सहारनपुर तक गुर्जर समाज गत चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में भारतीय जनता पार्टी को वोट करते हुए आ रहा है। अबकी बार भी खतौली विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी राजकुमारी को गुर्जर समाज बड़ी बड़ी संख्या में वोट देने का काम करेगा। बैठक को संबोधित करते हुए नंदकिशोर गुर्जर विधायक ने कहा की मदन भैया से लोनी के आम नागरिक परेशान हैं और लगातार तीन बार हराने का काम लोनी ने उन्हें किया है। खतौली के लोग भले लोग हैं। सभा में विधायक मुकेश चौधरी, गंगोह विधायक चौधरी कीरत सिंह और अभिषेक चौधरी आदि ने भी विचार रखे। ऐसे में इन नेताओं का गुर्जर मतदाता पर कितना असर दिखेगा यह मतदान के दौरान ही पता चलेगा।

## कांधला में नाबालिग अर्धविक्षिप्त के साथ दुष्कर्म पर हंगामा

**कांधला, 3 दिसम्बर (बु.)।** कस्बे में 16 वर्षीय नाबालिग किशोरी के साथ एक दुकानदार ने बहला-फुसलाकर दुष्कर्म किया। घटना के सम्बन्ध में परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाही की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मौहल्ला रायजादगान निवासी 45 वर्षीय व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि उसकी 16 वर्षीय अर्द्धविक्षिप्त पुत्री घर से प्रतिदिन की तरह दूध लेने के लिये मौहल्ले के ही सरफराज की दुकान पर गई थी। आरोप है कि आरोपी दुकानदार ने पुत्री को बहला-फुसलाकर दुकान के भीतर ले गया और जबरन दुष्कर्म कर किया। जब परिजन किशोरी को ढूंढते हुए मौके पर पहुंचे और बंद दुकान में पुत्री की चीख पुकार सुनकर परिजनों और मौहल्ले के लोगों ने हंगामा करते हुए आरोपी दुकानदार को मौके पर ही दबोच लिया और पुलिस को मौके पर बुलाकर सौंप दिया। घटना के सम्बन्ध में पीड़ित पिता ने आरोपी व्यक्ति के विरुद्ध नामजद तहरीर देते हुए अभियोग पंजिकृत करा दिया है। पुलिस किशोरी का डॉक्टरी परीक्षण कराने की तैयारी में जुट गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक श्यामवीर सिंह का कहना है कि घटना के सम्बन्ध में अभियोग पंजिकृत कर कार्रवाही शुरू कर दी गई है। शनिवार को कैराना मार्ग स्थित अवर इंडिया स्कूल की छुट्टी के बाद एक ई रिक्शा चालक नन्हे मुन्ने छात्र छात्राओं को रिक्शा में बैठाकर छोड़ने के लिये जा रहा था। जैसे ही ई-रिक्शा चालक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के निकट पंहुचा तो ई रिक्शा का एक पहिया टूट जाने से चलती रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें सवार कई नन्हे मुन्ने छात्र छात्राऐं गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे को देखकर आस-पास के लोग मदद के लिये मौके की और दौड़ पड़े और घायल बच्चों को मार्ग से उठाकर सुरक्षित स्थान पर बैठा दिया और अन्य घायल छात्रों को उपचार के लिये प्राईवेट डॉक्टर के पास ले गए तथा घटना की जानकारी परिजनों को दी गई। हादसे की सूचना मिलते ही छात्र छात्राओं के परिजन भी मौके पर पहुंच गए और अपने बच्चों का उपचार कराने के बाद घर ले गए। बता दें कि आए दिन ई रिक्शा में छात्र छात्राओं को ई रिक्शा में अत्याधिक संख्या में बैठाकर स्कूल व घर ले जाया जाता है, जो किसी भी दिन अप्रिय घटना का कारण बन सकता है।

## अवैध रूप से चल रही प्राइवेट हॉस्पिटल की ओटी सील

**कांधला, 3 दिसम्बर (बु.)।** प्राईवेट हॉस्पिटल में लापरवाही के चलते 26 वर्षीय गर्भवती दिव्यांग महिला की मौत के चलते एसीएमओ ने मौके पर पहुंचकर कार्यवाही करते हुए हॉस्पिटल की ओटी को सील कर दिया है। एसीएमओ की टीम ने नगर के कई स्थानों पर भी झोलाझाप डॉक्टरों की जांच की है। नगर के मौहल्ला सरावज्ञान निवासी मदन की 26 वर्षीय विवाहित दिव्यांग पुत्री सोनिया की शादी जनपद बागपत के गांव भगवानपुर निवासी पिकेश के साथ की थी। 7 माह की गर्भवती सोनिया की हालत खराब होने पर ससुराल व मायके पक्ष के लोगों ने उपचार के लिये राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित कमला देवी हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सैन्टर में भर्ती करा दिया था। जहां मोटी रकम वसूलने के बाद भी सोनिया का सही ढंग से उपचार नहीं किया गया और हॉस्पिटल की लापरवाही के चलते सोनिया की मौत हो गई। परिजनों ने मौके पर जमकर हंगामा किया और उच्चाधिकारियों को मामले की शिकायत की गई। शनिवार को एसीएमओ डॉक्टर जाहिद अली त्यागी ने टीम के साथ कमला देवी हॉस्पिटल पहुंचकर सख्त कार्यवाही करते हुए हॉस्पिटल की ओटी को सील कर दिया है। एसीएमओ डॉक्टर जाहिद अली का कहना है कि हॉस्पिटल में केवल ओपीडी की परमीशन थी। ओटी रूम अवैध रूप से चलाया जा रहा है। दोषी डॉक्टर के विरुद्ध भी सख्त कार्यवाही की जायेगी।

## हेलीकॉप्टर में बैठकर ससुराल पहुंची दुल्हनिया

**बुलंदशहर, 3 दिसंबर (वार्ता)।** शादियों का सीजन चल रहा है और नए जोड़े अपना घर बसा रहे हैं। बुलंदशहर जिले में एक दुल्हन हेलीकाप्टर में सवार होकर अपनी ससुराल पहुंची। दुल्हन का स्वागत करने के लिए ससुरालीजनों ने ढोल-नंगाड़े और बैंड-बाजे की व्यवस्था की थी। जैसे ही हेलीकाप्टर दुल्हन लेकर गांव में बनाए गए हेलीपैड पर उतरा तो यहां जोर-शोर से उसका स्वागत किया गया है। हेलीकाप्टर से आने वाली दुल्हन को देखने के लिए आस-पास के सैकड़ों लोग कौतूहलवश हेलीपैड के पास पहुंचे थे। इनमें अधिकतर महिलाएं और बच्चे शामिल थे। दरअसल, हेलीकाप्टर से आने वाली यह दुल्हन जिले के बीबीनगर क्षेत्र के गांव केशोपुर सठला के निवासी एडवोकेट व प्रापर्टी डीलर सुनील कुमार की है, जो अपने मायके मोदीनगर ब्याह रचाकर यहां पहुंची। इस दौरान मौजूद महिलाओं ने दुल्हन के स्वागत में मंगल गीत गाया। दुल्हन करुणा भी पेशे से फैशन डिजाइनर हैं। मोदीनगर निवासी करुणा के चाचा नीरज प्रजापति कांग्रेसी नेता हैं। शनिवार को गाजियाबाद के मोदीनगर से दुल्हन की विदाई के बाद नव युगल हेलीकाप्टर से केशोपुर सठला पहुंचा। हेलीकाप्टर से दुल्हन आने की सूचना पर स्याना रोड पर चामंड मंदिर के सामने एक खेत में तैयार किए गए हेलीपैड के पास सैकड़ों क्षेत्रवासियों की भीड़ एकत्र हो गई। करीब डेढ़ बजे जैसे ही आसमान में हेलीकाप्टर दिखा लोगों का उत्साह चरम पर पहुंच गया। ढोल नगाड़ों के साथ नव युगल का स्वागत किया गया। मौके पर पुलिस, एंबुलेंस व फायर ब्रिगेड का इंतजाम रहा। सुनील कुमार एडवोकेट के पिता रामकुमर प्रजापति गांव में आरा मशीन संचालक हैं। उड़नखटोले से दुल्हन आने की चहुंओर चर्चा हो रही है। वहीं, मोदीनगर संवाददाता के अनुसार, दुल्हन की विदाई के दौरान बड़ी संख्या में लोग दूल्हा-दुल्हन को देखने के लिए पहुंचे। बड़ी संख्या में बच्चे भी वहां पहुंचे थे। व्यवस्था को बनाने में पुलिस के पसीने छूट गए। फोटो लेने के लिए लोगों में होड़ लगी थी। पुलिस द्वारा प्रशासनिक स्तर पर भी सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे।

## थम गया चुनाव प्रचार, अब मतदाता करेंगे वोट का वार

**मैनपुरी, 3 दिसंबर (वार्ता)।** मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र में लगभग एक माह बाद शनिवार शाम को चुनाव प्रचार थम गया। मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद खाली हुई मैनपुरी लोकसभा सीट पर उपचुनाव हो रहा है। पांच नवंबर को निर्वाचन आयोग ने इसके लिए अधिसूचना जारी कर दी थी। इसके बाद से ही राजनीतिक दल चुनाव प्रचार में सक्रिय हो गए थे। दस नवंबर से नामांकन शुरू होने के बाद सपा ने डिंपल यादव को प्रत्याशी बनाया तो वहीं भाजपा ने रघुराज सिंह शाक्य को प्रत्याशी बनाया। भाजपा की ओर जहां प्रदेश से लेकर केंद्रीय नेताओं ने प्रचार किया। वहीं सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से लेकर विधायकों और पूर्व विधायकों ने भी ताकत झोंक दी। लगातार एक के बाद एक सभाएं, रैलियां और संपर्क जारी रहे। अब पांच दिसंबर को मतदान होना है, ऐसे में शनिवार को शाम पांच बजे से चुनाव प्रचार थम गया। पांच दिसंबर को मतदाता छह प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करेंगे। रविवार को ही पोलिंग पार्टियों की रवानगी की जाएगी। सोमवार को मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे से मतदान शुरू हो जाएगा, जो शाम तक चलेगा। मतदान के बाद पोलिंग पार्टी ईवीएम को मंडी स्थित स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखवाएंगे। इसके बाद आठ दिसंबर को मतगणना होगी।

## सरवट फाटक पर ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**मुजफ्फरनगर, 3 दिसम्बर (बु.)।** एक युवक का शव उसके घर से कुछ ही दूर रेलवे लाइन पर पड़ा मिला। युवक की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हुई थी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिये भेज दिया। युवक की मौत से उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतक अपने पीछे दो मासूम बच्चे और पत्नी को छोड़ गया है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि गांधी कॉलोनी निवासी लालू ट्रक चालक था। बताया गया कि उसका अपनी पत्नी से विवाद चल रहा था। आज लालू शाम के अपने घर से निकला जिसके बाद वह अपने घर वापस नहीं लौटा। रात के समय उसका शव गांधी कॉलोनी व सरवट फाटक के बीच रेलवे लाइन पर पड़ा मिला। उसकी ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई थी। जिस स्थान पर लालू का शव मिला वह उसके घर से कुछ ही मीटर की दूरी पर है। लालू की मौत से उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिये भेज दिया है।

# डीएस पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय खेल महोत्सव का भव्य समापन



डीएस पब्लिक स्कूल में खेल महोत्सव का समापन करते केन्द्रीय मंत्री व उपस्थित स्टाफ व खिलाड़ी

**वार्षिक खेल महोत्सव के समापन अवसर पर पहुंचे केन्द्रीय राज्य मंत्री डॉ. संजीव बालियान, दिया बच्चों को आशीर्वाद**

**मुजफ्फरनगर, 3 दिसम्बर (बु.)।** डीएस पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव का शनिवार को भव्य समापन हो गया। खेल महोत्सव की समापन बेला पर डॉ. संजीव बालियान, राज्यमंत्री पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य पालन भारत सरकार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान विद्यालय मैनेजमेंट की ओर से चेयरमैन एसएल शर्मा, मैनेजर सुधीर कुमार शर्मा, डायरेक्टर रेणु शर्मा, संतोष जैन तथा प्रधानाचार्य गगन शर्मा ने मुख्य अतिथि का बुके देकर के स्वागत किया। स्कूल हेड ब्वॉय, हेड गर्ल तथा प्रीफेक्ट विद्यार्थियों ने भी डॉक्टर बालियान का बैज लगाकर तथा स्पोर्ट्स कैप पहनाकर अभिनंदन किया। विद्यालय की ओर से डॉक्टर बालियान को एक स्मृति चिह्न व शॉल ओढाकर अभिनंदन किया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. संजीव बालियान व अन्य अतिथियों ने मां शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। मां शारदे के वंदन के उपरांत विद्यालय के विद्यार्थियों ने मुख्य अतिथि तथा सम्मानित मंच के स्वागत में एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा बिखेरी। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम सभी के आकर्षण का केंद्र रहे। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे नन्हे-मुन्ने बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए वातावरण को तालियों से गुंजायमान करा दिया। मुख्य अतिथि डॉ. बालियान ने बच्चों की प्रस्तुति की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की खेल प्रतिभा को निखारने के लिए खेल महोत्सव के आयोजन के लिए विद्यालय मैनेजमेंट की प्रशंसा करते हुए मैनेजमेंट को भी इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों तथा मदर पेरेंट्स को मेडल पहनाकर पुरस्कृत भी किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश योग एसोसिएशन चेयरमैन देवराज विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। स्कूल मैनेजर सुधीर कुमार शर्मा ने उनका बुके देकर स्वागत किया। देवराज ने कहा कि खेल एवं पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को सामाजिक दायित्व पर भी ध्यान देना चाहिए। बच्चों को महापुरुषों की जीवनी तथा उनके जीवन परिचय के बारे में पढ़कर उससे प्रेरणा प्राप्त करनी चाहिए। खेल महोत्सव के तीसरे दिन विद्यार्थियों ने जूनियर एवं सीनियर बॉयज तथा गर्ल्स ग्रुप में खो-खो के मुकाबले खेले। महोत्सव के लिए विशेष रूप से आमंत्रित की गई मदर्स ने भी अपने बच्चों के साथ मनोरंजन खेल गतिविधियों में उत्साहपूर्वक बढ़ चढ़कर भाग लिया। मदर्स के लिए लेमन स्पून रेस, बास्केटबॉल रेस, पास दि बाल रेस, बैलेंस द बॉल रेस, टग ऑफ वार, बैलून रेस तथा म्यूजिकल चेयर जैसी मनोरंजक खेल गतिविधि आयोजित की गई, जिसमें सभी मदर्स ने बढ़-चढ़कर के भाग लेते हुए अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के बीच बीच में मदर्स के लिए किस्मत का खजाना लकी ड्रॉ एक्टिविटी का भी आयोजन किया गया। जिन्हें मुख्य अतिथियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। शनिवार को खेले गए गर्ल्स खो-खो के मुकाबले में जैस्मीन हाउस एवं लिली हाउस की टीमों के बीच शानदार मुकाबला हुआ। इस रोमांचक मुकाबले में लिली हाउस की टीम ने टॉस जीतकर पहले चेज करने का निर्णय लिया एवं निर्धारित 5 मिनट के खेल में जैस्मीन हाउस की टीम के 9 खिलाड़ियों को आउट किया। निर्धारित 5 मिनट के खेल में जैस्मीन हाउस की टीम अपनी प्रतिद्वंदी लिली हाउस की टीम के केवल 5 खिलाड़ी ही आउट कर सकी और इस तरह से यह मैच लिली हाउस ने जीत लिया। विजेता टीम को कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि देवराज ने 2,100 रुपये का नगद पुरस्कार देकर के पुरस्कृत किया । उपविजेता टीम को स्कूल मैनेजर सुधीर कुमार शर्मा ने 1,100 रुपये का पुरस्कार देकर टीम का उत्साहवर्धन किया। इसके अतिरिक्त बैलून रेस में अयान, अरनया तथा आराध्य सिद्धू की मदर असराना, दीपाली एवं एकता ने प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करके मेडल प्राप्त किए। बैलेंस द बॉल रेस में काव्या, अंश, सूर्यदेव एवं अरनव की मदर्स नीतू, संगीता, पूजा तथा प्रियंका ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए मेडल जीते। बैलेंस दि बॉल में ही पुष्कर, नव्या तथा कनिष्का की मदर रश्मि, मुस्कान एवं अर्चना ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर के मेडल्स प्राप्त किए। म्यूजिकल चेयर में कविता, दीपा एवं नीतू ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करके मेडल्स प्राप्त किए। एक अन्य स्पर्धा में रिद्धि सिंघल, अयान एवं सखाविया जैदी की मदर मनीषा, असराना एवं शादाब ने भी श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए विजेता ट्रॉफी जीती। स्कूल प्रशासन ने सभी विजेताओं को उनकी जीत की बधाई देते हुए उन्हें ट्रॉफी प्रदान की। कार्यक्रम के अंत में स्कूल एजुकेशन डायरेक्टर संतोष जैन तथा स्कूल प्रधानाचार्य गगन शर्मा ने सभी आगंतुक अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए इस खेल महोत्सव का हिस्सा बनी सभी मदर्स पैरेंट को जीत की बधाई दी। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ ।

## चौधरी चरण सिंह ने कभी अपराधी नहीं पाले: भूपेंद्र चौधरी

**▶ बोले: कोर्ट का सम्मान पर अब विक्रम का फैसला जनता की अदालत में होगा**

**मुजफ्फरनगर, 3 दिसंबर (बु.)।** खतौली विधानसभा सीट पर उपचुनाव को लेकर आज चुनाव प्रचार के अंतिम दिन प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि कवाल दंगे के बाद रालोद नेता एक पक्ष के लोगों के यहां गए और दूसरे पक्ष की अनदेखी की। उन्होंने कहा कि स्व.चौधरी चरण सिंह ने कभी अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण नहीं दिया। उन्होंने उपचुनाव में अपराधी छवि के व्यक्ति को समर्थन ना देने की अपील की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने खतौली क्षेत्र में कई गांवों में जनसभा को संबोधित किया। गांव भैंसी में आयोजित प्रभावी मतदाता संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी पर जमकर प्रहार किया। भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि 2013 में हुए दंगे के दौरान राष्ट्रीय लोकदल अध्यक्ष कहां थे। केवल एक पक्ष के यहां गए, दोनों पक्षों में गए होते तो शायद आज यह दिन ना देखने पड़ते। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने कभी भी अपराधियों को राजनीति में संरक्षण नहीं दिया और आज जयंत चौधरी खतौली में 40 से 50 मुकदमे के आरोपी को चुनाव लड़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने किसी अपराधी को टिकट नहीं दिया है और विक्रम सैनी पर चोरी-चकारी डकैती या अप्राकृतिक काम के लिए मुकदमे दर्ज नहीं हुए हैं, समाज के लिए बलिदान किया संघर्ष किया है, उसके लिए सजा हुई है। हमने



अदालत का सम्मान करते हुए विक्रम सैनी की पत्नी राजकुमारी को उतारा है और जनता की अदालत में है और हमें जनता की अदालत में इंसाफ मिलेगा। उन्होंने जयंत चौधरी के रामपुर दौरे चर्चा करते हुए कहा कि जयंत चौधरी आज भाईचारा कायम करने के लिए सबसे बड़े दंगाई आजम खान के चुनाव प्रचार में हैं वहां भाईचारा बना रहे हैं। भूपेंद्र चौधरी ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को लेकर कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष घर-घर घूम रहे हैं। गली-गली घूम रहे हैं चाचा की ठोड़ी खुजा रहे हैं। अब उन्हें जनता के मूड का एहसास हो गया तो चाचा को स्टार प्रचारक बना रहे हैं और परिवार की एकता की दुहाई दे रहे हैं।

# डीएम एसएसपी से मिले लकड़संधा के ग्रामीण

**▶ स्थानीय पुलिस पर लगाया उत्पीड़न करने का आरोप किया प्रदर्शन**

**▶ चौकी प्रभारी बोले बीते 28 नवम्बर को नीलगाय से टकराने पर हुई थी युवक की मौत**



**मुजफ्फरनगर, 3 दिसम्बर (बु.)।** शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव लकड़संधा में बीते माह 28 नवंबर की रात में गांव के एक युवक की हादसे में मौत के बाद जाम लगाने वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किए जाने के मामले में विरोध के सवाल मुखर होने लगे हैं। शनिवार को इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने डीएम और एसएसपी कार्यालय पर पहुंचकर शहर कोतवाली पुलिस के विरोध प्रदर्शन करते हुए पुलिस द्वारा दर्ज की रिपोर्ट को वापस लिए जाने के साथ युवक की हत्या के मामले जांच किए जाने की मांग की। उक्त मामले में बीते दिवस शहर कोतवाली पुलिस द्वारा यह मुकदमा वीडियो व फोटोग्राफी कराकर दर्ज किया है।

शहर कोतवाली क्षेत्र की बुढ़ाना चौकी के गांव लकड़संधा के दर्जनों महिला और पुरुषों ने शनिवार को डीएम कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया । जनपद मुख्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने गांव निवासी मनोज नामक युवक की मौत के मामले में सड़क पर जाम लगाने के आरोप में दर्जनों लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है उक्त ग्रामीणों का आरोप है की उनके द्वारा युवक मनोज की हत्या की आशंका के चलते पुलिस से मामले की रिपोर्ट दर्ज कराने के साथ दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी, जिसमें स्थानीय पुलिस ने उनकी समस्या का समाधान करने के बजाय उल्टे उन पर मुकदमा दर्ज कर उनका उत्पीड़न करना शुरू कर दिया है। ग्रामीणों ने इस मामले में डीएम चंद्रभूषण सिंह एसएसपी विनीत जायसवाल से उनके कार्यालय में मिलकर शहर कोतवाली पुलिस द्वारा दर्ज मुकदमे को वापस लिए जाने के साथ मृतक युवक की मौत का कारण पता लगाने के साथ दोषियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। उक्त मामले में शहर कोतवाली क्षेत्र की बुढ़ाना चौकी के प्रभारी का कहना है कि ग्राम लकड़संधा निवासी मनोज की बीते 28 नवंबर को नील गाय की टक्कर लगने से घायल हो गया था। उक्त मामले में मृतक मनोज के परिजनों को बुलाकर घायल को जिला अस्पताल ले जाया था, जहां उसे मृत घोषित कर दिया था। चौकी प्रभारी का कहना है कि मृतक युवक मनोज के पिता ने नील गाय की टक्कर लगने से मौत होना बताते हुए तहरीर भी दी थी। चौकी प्रभारी का कहना है कि बाद में उसी दिन शाम को पोस्टमार्टम के बाद मृतक युवक के शव को घर ले जाने पर शव रखे ट्रैक्टर को कुछ लोगों ने चरथावल रोड पर जाम लगा दिया था। प्रदर्शन कर रहे इन लोगों ने मनोज की हत्या करने का तीन युवकों के खिलाफ आरोप लगा रहे थे। हालांकि बाद में मौके पर पहुंचे अधिकारियों के समझाने और उचित कार्रवाई के आश्वासन देने पर हंगामा कर रहे लोग माने और तब कहीं जाकर जाम खोला गया था। बता दें कि इस दौरान स्थानीय पुलिस ने वीडियो व फोटोग्राफी कराई थी। उसी वीडियो के आधार पर बाद में पुलिस ने ग्राम लकड़संधा निवासी मोहित, बबलू, सागर, संजीव डीलर, सोनू, अजय, अमित, अनुज, मोनू, विनय की पहचान करते हुए इनके अलावा पचास-साठ अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था जिसे लेकर शनिवार को ग्रामीणों ने डीएम और एसएसपी कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए मामले की जांच किए जाने के साथ न्याय की मांग की।

## जेल से नाहिद की रिहाई पर रालोद ने दी बधाई

**मुजफ्फरनगर, 3 दिसंबर (बु.)।** गैंगस्टर मामले में कोर्ट से जमानत मिलने के बाद सपा विधायक नाहिद हसन चित्रकूट जेल से रिहा हो गए। अब वह लखनऊ पहुंचकर विधायक की शपथ ग्रहण कर विधानसभा की कार्यवाही में शामिल होंगे। बहन इकरा हसन उन्हें जेल के बाहर रिसीव करने पहुंची। रालोद की ओर से ट्वीट कर नाहिद को रिहाई पर बधाई दी गई। शामली के कैराना में 15 जनवरी 2022 को गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में पुलिस ने सपा विधायक नाहिद हसन को गिरफ्तार कर एमपी एमएलए कोर्ट में पेश किया था, जहां से उन्हें मुजफ्फरनगर जिला कारागार में भेज दिया था। इसके बाद उनका जनपद चित्रकूट की जेल में स्थानांतरण कर दिया था। करीब साढ़े 10 माह से विधायक जेल में बंद थे। तीन दिन पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उनके स्वास्थ्य को देखते हुए उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई कर विधायक को जमानत देने के आदेश जारी कर दिए थे। वहीं एक दिन पहले उनके अधिवक्ता नसीम अहमद व राशिद अली चौहान ने विधायक की जमानत के लिए दो जमानतियों के प्रपत्र ट्रायल कोर्ट में जमा किए। इसके बाद प्रपत्रों की तहसील व थाने से तस्दीक कराई गई। शाम को कोर्ट द्वारा चित्रकूट जेल अधीक्षक को विधायक की रिहाई के लिए परवाना जारी कर दिया था। शनिवार सुबह जेल में परवाना पहुंचने के बाद जेल प्रशासन की ओर से कार्रवाई पूरी की गई। शनिवार सुबह 9 :10 बजे सपा विधायक नाहिद हसन को चित्रकूट जेल से रिहा कर दिया गया। साढ़े 10 माह बाद जेल से रिहा होकर बाहर निकले विधायक नाहिद हसन का जेल के बाहर इंतजार कर रहे उनके समर्थकों ने स्वागत किया। जेल के बाहर उनकी छोटी बहन इकरा हसन, अधिवक्ता नसीम अहमद, राशिद अली चौहान व जावेद अली, पूर्व ब्लॉक प्रमुख असलम चौधरी, विजय कौशिक, मनोज राणा, इरशाद चौधरी, सहारनपुर निवासी वसीम चौधरी, अहसान प्रधान, मेहरबान अंसारी आदि दर्जनों समर्थक मौजूद रहे।


जेल से रिहा होते नाहिद हसन

## दो चोरों को 5 बाइकों समेत पकड़कर जेल भेजा

**बुढ़ाना, 3 दिसम्बर (बु.)।** स्थानीय नगर पंचायत परिसर से चोरी हुई एक बाइक को बरामद करने के दौरान पुलिस ने दो चोरों को पकड़कर उनकी निशानदेही पर चार बाइक और बरामद की हैं। मिली जानकारी के अनुसार एक माह पूर्व एक युवक बाइक पर सवार होकर बुढ़ाना नगर पंचायत कार्यालय में किसी काम से आया था। तब उसकी बाइक चोरी हो गई थी। पुलिस ने बाइक चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू करके बुढ़ाना नगर पंचायत की सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली तो पुलिस को एक संदिग्ध युवक बाइक चोरी करते नजर आया, तो बुढ़ाना पुलिस ने उक्त युवक की शिनाख्त शुरू कर दी, जिसमें पुलिस को पता लगा कि बाइक चुराने वाला युवक जनपद शामली का है। तब बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रवेंद्र सिंह यादव ने एक टीम गठित की, जिसमें कस्बा इंचार्ज अनिल कुमार ने दारोगा सेंसर पाल मलिक, हैड कांस्टेबल मौहम्मद वकार, कांस्टेबल कुलवंत सिंह, कांस्टेबल विनय कुमार और कांस्टेबल प्रेमचंद शर्मा के सहयोग से कांधला रोड पर परासौली पुलिस चौकी के पास से मुखबिर की सूचना पर शाहवेज पुत्र अफजाल निवासी मौहल्ला खेल कांधला को पकड़ा, जिसके कब्जे से चोरी की उक्त बाइक बरामद कर पूछताछ की, तो उसने अपने एक साथी का नाम नाजिम पुत्र नफीस निवासी मौहल्ला शहजादगान कांधला जिला शामली बताया तो पुलिस ने जाल बिछाते हुए उसको भी गिरफ्तार कर दोनों चोरों की निशानदेही पर चोरी की चार स्पलेंडर बाइकें और चार फर्जी नंबर प्लेटें बरामद की। कुल मिलाकर कस्बा इंचार्ज अनिल कुमार के प्रयास से चोरों का भांडाफोड़ हो गया।



## किसानों की ट्यूबवैल से लाखों का कीमती सामान चोरी, किसानों में फैली दहशत

**भोपा, 3 दिसम्बर (बु.)।** अज्ञात चोरों ने रात के समय किसानों की दो ट्यूबवैलों से लाखों का कीमती सामान चुरा लिया गया। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने घटना की जानकारी की। पीड़ित किसानों ने थाने पर तहरीर देकर चोरी का खुलासा कर चोरी का माल बरामद करने की गुहार पुलिस से लगाई है। थाना ककरौली क्षेत्र के ग्राम ढांसरी निवासी जान मौहम्मद व यासीन ने तहरीर देकर बताया कि बुधवार की रात अज्ञात चोरों ने उनकी ट्यूबवैल पर बने कमरे की दीवार तोड़कर मोटर, पंखा व टीलर आदि कीमती सामान चुरा लिया। गुरूवार की सुबह जब वह अपने खेत पर काम करने के लिए गये तो ट्यूबवैल के कमरे की दीवार टूटी हुई देखकर उनके होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने घटना की जानकारी की। रास्ते में नहर की पटरी पर चोरी किये गये सामान में से एक पुली व लट्ठा पड़ा मिला। किसानों की ट्यूबवैल पर हुई चोरी से किसानों में दहशत व्याप्त है। पीड़ित किसानों ने घटना के खुलासे की मांग करते हुए चोरी किये गये सामान की बरामदगी की गुहार लगाई है। थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ने बताया कि घटना का शीघ्र खुलासा किया जाएगा।